# मां के हत्यारे को आजीवन कारावास

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** न्यायालय प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नरसिंहपुर के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश नरसिंहपुर आलोक मिश्रा के न्यायालय द्वारा मां के हत्यारे विजय राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी गयादत्त वार्ड, गल्ला मंडी रोड थाना स्टेशनगंज जिला नरसिंहपुर को धारा-103(1) भा.न्या.सं के अंतर्गत आजीवन कारावास तथा 1,000/- (एक हजार) रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। इस मामले में अभियुक्त विजय शराब पीने का आदी है, जबकि उसकी मां गुलाब बाई उसे शराब पीने से मना करती थी, जिसे लेकर वह गुलाब बाई से झगडता था।



घटना दिनांक 13.08.2024 को सुबह लगभग 3:30 बजे द्रोपदी बाई की नींद शोर सुनकर खुली, उसने सुना कि अभियुक्त चिल्ला रहा है कि उसने अपनी मां के उपर सिल पटक कर मार दिया है। उसने अपने पुत्र अभिषेक को उठाया और उक्त बात बताई।

दौलत सिहं भी जाग गया तथा पड़ौसी संजय लोधी को भी फोन करके बुलाया गया। जब वे चारों अभियुक्त के मकान के सामने पहुंचे और गुलाब बाई को आवाज लगाई तो अभियुक्त जोर-जोर से चिल्लाने लगा कि उसने अपनी मां के सिर पर सिल पटक कर मार डाला है। अभिषेक ने पुलिस डायल-100 पर फोन किया तो अभियुक्त भाग गया। पुलिस घटना स्थल पर आई, घर के अंदर जाकर देखा तो गुलाब बाई जमीन में बिस्तर पर मृत पडी थी, उसके सिर व मुहं से खून निकल रहा था और उसके सिर के पास सिल का पत्थर (मसाला पीसने का बड़ा पत्थर) पड़ा हुआ था। अभिषेक की रिपोर्ट पर से थाना स्टेशनगंज नरसिहंपुर में मर्ग कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।

न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी इंद्रमणि गुप्ता द्वारा की गई। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत्पश्चात मौखिक तर्क प्रस्तुत किये गये जिनसे सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी विजय राजपूत को धारा-103(1) भा.न्या.सं के अंतर्गत आजीवन कारावास तथा 1,000/- (एक हजार) रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

# खनिज विभाग के सहायक भोमिकी विद के पद पर अनिल चौधरी का चयन

**करेली, देशबन्धु ।** करेली, के अनिल चौधरी ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के द्वारा खनिज विभाग के सहायक भोमिकी विद के पद पर चयनित हुए हैं।




अनिल उत्तमचंद चौधरी और कांति चौधरी के पुत्र हैं नगर पालिका में कार्यरत रामकुमार जाटव शिक्षा विभाग में कार्यरत यशपाल जाटव के भतीजे उनके पूरे परिवार ने तथा सभी शुभचिंतकों ने बधाई दी है अनिल ने अपनी स्कूली शिक्षा सेंड मेरी कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल करेली और केंद्रीय विद्यालय नरसिंहपुर से प्राप्त की है।

# तेज बारिश से मौसम हुआ सुहाना, मिली राहत

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सोमवार को सुबह से छाए घने काले बादलों के बीच दोपहर से अचानक तेज बारिश शुरू हो गई जो रिमझिम बारिश के बीच देर शाम तक जारी थी। इस दौरान शहर के बाजारों में सन्नाटा छा गया।



लोगों को बारिश से बचने के लिए दुकानों और छतों की ओट लेनी पड़ी। मौसम विभाग के अनुसार, आज अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया। ठंडी हवाएं चलने लगीं। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। किसानों की मानें तो इस तेज बारिश से गन्ने की फसल को जहां फायदा हुआ, वहीं सोयाबीन की बौनी के लिए तैयार खेतों नमी आ जाने से बोवनी लेट हो जाएगी।

## सार-समाचार

### विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित

**गोटेगांव, देशबान्धु ।** न्यायालय की तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर (मप्र) के निर्देश अनुसार दिनांक 23.6.2025 को नगर के मुरलीधर स्कूल में विद्यार्थियों हेतु मौलिक अधिकार एवं मूल कर्तव्य के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया आयोजित कार्यक्रम में तहसील विधिक सेवा समिति गोटेगांव के अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री साक्षी शुक्ला द्वारा आयोजित शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों को भारत के संविधान में निहित मूल अधिकार जैसे 1 समानता का अधिकार, 2 स्वतंत्रता का अधिकार, 3 शोषण के खिलाफ स्वतंत्रता का अधिकार,4 धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार,5 संस्कृति एवं शैक्षिक अधिकार,6 संवैधानिक उपचारों का अधिकार एवं संविधान में निहित मूल कर्तव्य के बारे में बताया गया साथ ही पास्को अधिनियम एवं दिनांक 1.7.2024 को लागू की गई नई धाराओं की जानकारी संक्षिप्त रूप में प्रदत्त की गई इसके साथ मोटर व्हीकल एक्ट सोशल मीडिया के सदुपयोग एवं दुरुपयोग के विषय में जानकारी प्रदान की गई एवं विद्यालय में उपस्थित समस्त छात्रों को भविष्य में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया साथी साथ ही न्यायधीश महोदय द्वारा छात्र-छात्राओं को उनके क्षेत्र अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को उनके भविष्य में आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं देते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। आयोजित कार्यक्रम में तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री साक्षी शुक्ला,प्रधान अध्यापक एवं उनके समस्त स्टाफ न्यायालयीन एवं विधिक सेवा कर्मचारी पैरालीगल वालंटियर साहिल मेहरा मनोज चौधरी एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### परमहंसी गंगा आश्रम में चातुर्मास्य व्रत अनुष्ठान दस जुलाई से



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** द्वारका शारदापीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानन्द सरस्वती जी महाराज का चातुर्मास्य व्रत अनुष्ठान वि.सं. 2082 आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा से भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा 10 जुलाई से 7 सितम्बर तक परमहंसी गंगा आश्रम में होगा। इसे लेकर नरसिंहपुर जिले के वासियों में भारी उत्साह है। श्रीद्वारकाधीश एवं भगवान चन्द्रमौलीश्वर, माँ जगदम्बा की अहैतुकी कृपा से पश्चिमाम्नाय द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानन्द सरस्वती जी महाराज श्री का चातुर्मास्य व्रत अनुष्ठान पीठद्वयाधीश्वर ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराजश्री की पावन तपस्थली परमहंसी गंगा आश्रम, झोंतेश्वर में दिनांक 10 जुलाई से 7 सितम्बर 2025 तदनुसार आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा से भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा पर्यन्त संपन्न होने जा रहा है। शंकराचार्य जी के चातुर्मास में अपना योगदान देने और सहभागी बनने के लिए विभिन्न संगठनों,सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक तुलसी मानस भवन में संपन्न हुई। जिसमें सभी ने अपना योगदान देने की बात की। इस अवसर पर ब्रह्मचारी स्वामी अचलानंद महाराज ने बताया कि पूज्य शंकराचार्य महाराजश्री का दिव्य दर्शन, सत्संग एवं पावन सानिध्य प्राप्त कर कल्याणकारी पुण्यफल के भागी बनें। जो मनुष्य संग्यासियों का चातुर्मास्य व्रत अनुष्ठान आयोजित करता है एवं उसमें तन-मन-धन से सम्मिलित होता है वह राजसूय एवं अश्वमेध यज्ञ का फल सहज ही प्राप्त कर लेता है।

# योग क्रियाओं की दी जानकारी



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन आयुष मंत्रालय भारत सरकार के संभाग प्रभारी योग शिक्षक देवेन्द्र पटेल ने योग की क्रियाओं के विषय में जानकारी प्रदान की, वर्तमान में हृदय गति का रुकना, हृदय को स्वस्थ रखने, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, कमर दर्द, साइटिका को योग / व्याम से स्वास्थ लाभ की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की। उपस्थित जनों ने योग की चलन क्रियाएं योगासन, प्राणायाम, ध्यान योग, ताड़ासन, आसान, अर्ध चक्रासन, सलभासन, दंडासन, भद्रासन, मंडूक आसन, से समस्त योग साधक लाभार्थी हुए। होटल अतिथि नरसिंहपुर में वैदिक योग संस्थान की निशुल्क क्लास सुबह 7 से प्रारंभ होती है।

# पेंशनरों ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** म प्र पेंशनर्स समाज एवं म प्र विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन द्वारा पेंशनर साथियों की लंबित मांगों का ज्ञापन एस के, चतुर्वेदी प्रांतीय अध्यक्ष म प्र पेंशनर्स समाज, बी.शिवकुमार पटेल अध्यक्ष म प्र पेंशनर्स समाज, विजय दुबे जिला सचिव, भवानी शर्मा जिला कोषाध्यक्ष, बी, एस, पटेल अध्यक्ष म प्र विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन जीके चतुर्वेदी, सुभाष दुबे एसके कुर्मी, जेके सोनी, बीआर सिंह, एके खरे, संतोष शर्मा सहित सभी पदाधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित जिला प्रशासन के माध्यम से सौंपा गया।



इसमें प्रमुख रूप से आठवें वेतनमान का लाभ पूर्व की भांति सभी पेंशनर को मिले, केन्द्र सरकार के समान राज्य शासन के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को देय तिथि से महंगाई राहत एरियर्स सहित भुगतान करने, राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) को विलोपित करने, छठवें वेतनमान का 32 माह एवं सातवें वेतनमान का 27 माह का लंबित एरियर्स भुगतान करने, पेंशनर को 79 वर्ष पूर्ण कर 80 वर्ष की उम्र में प्रारंभ होने से 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन भुगतान करने,30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त पेंशनर को समान रूप से एक वेतन वृद्धि का लाभ बिना न्यायालय की शरण लिए प्रदान करने,65 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर 5 प्रतिशत 70 वर्ष पर 10 प्रतिशत,75 वर्ष पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन भुगतान करने, विद्युत मंडल पेंशनर को एस्को गारंटी प्रदान करने, पेंशन सारणशीकरण कटौती 10 वर्ष 8 माह करने आयुष्मान योजना का लाभ सभी पेंशनर को प्रदान करने, सेवा निवृति आयु में एक रुपता करने, जिला पेंशन कार्यालय के केंद्रीयकरण नहीं करने, पेंशनर को पूर्व की भांति रेल्वे में छूट प्रदान करने, सभी जिला एवं तहसील मुख्यालय पर डे केयर सेंटर संचालित करने आदि मांगे शामिल हैं।

# मेहरा झारिया समाज का सम्मेलन आयोजित

नरासहपुर, दशबन्धु। प्रांतीय मेहरा (झारिया)सामाजिक संगठन का सामाजिक ऑडिटोरियम हॉल नरसिंहपुर में संपन्न हुआ , जिसमें मेहरा समाज के 10वीं , 12वीं के विशिष्ट योग्यताधारी छात्र छात्राओं का शील्ड देकर सम्मान किया गया । विवाह हेतु योग्य युवक युवतियों के पंजीयन भी दर्ज किए गए । कार्यक्रम में मौजूद सभी विशिष्ट अतिथि और मुख्य अतिथियों ने मेहरा समाज पर अपने अपने विचार व्यक्त किये ।



उक्त कार्यक्रम में महेंद्र नागेश विधायक विधानसभा गोटेगांव ने समस्त मेहरा समाज के लोगों को हरसंभव मदद करने की बात कही और सभी सम्ममनित छात्र छात्राओं ओ एक हजार रुपये का पुरस्कार देने का भी एलान किया । भारतीय जनता पार्टी नरसिंहपुर के जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा कि मेहरा समाज के लोग सबसे कम आपराधिक मामलों में संलिप्त पाए जाते हैं । नगरपालिका परिषद नरसिंहपुर के जिलाध्यक्ष नीरज महाराज ने कहा कि लगातार ऐसे सम्मान समारोह एवं सम्मेलन आयोजित कर मेहरा समाज एक

### विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

आदर्श प्रस्तुत कर रहा है । उक्त सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर मेहरा , विमल वानगात्री जिला अध्यक्ष मेहरा (डेहरिया) समाज समिति नरसिंहपुर , विनोद मेहरा , जिला अध्यक्ष मेहरा समाज महासंघ नरसिंहपुर , एम के मेहरा जिला अध्यक्ष सन्त कबीर मेहरा झारिया समाज संगठन नरसिंहपुर , एस के मेहरा प्रांतीय अध्यक्ष मेहरा( झारिया) सामाजिक संगठन नरसिंहपुर,जिला अस्पताल में पदस्थ क्षय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजेन्द्र डेहरिया द्वारा भी इस सामाजिक सम्मेलन में शिविर लगांकर अपनी चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं इसके अलावा उक्त कार्यक्रम में गोविंद झारिया ,भूपेन्द्र मेहरा जबलपुर ,डॉक्टर भरत मेहरा, हरिगोविंद झारिया,प्रमोद झारिया , लीलाधर मेहरा ,धर्मेन्द्र मेहरा, विंनोद मेहरा शिक्षक , दशरथ मेहरा,ललित मेहरा सहित अन्य जिलों से पधारे समाज के गणमान्य नागरिक एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# युवा कांग्रेस चुनाव के लिए सदस्यता और मतदान की तिथियों की घोषणा



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** भारतीय युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण द्वारा मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस चुनाव के संबंध में सदस्यता और मतदान अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में सदस्यता एवं चुनाव प्रभारी जगदीश बोगा ने बताया कि मध्यप्रदेश में यह चुनाव अभियान 20 जून से 19 जुलाई 2025 तक चलेगा। सदस्यता शुल्क 50 रूपए भुगतान की अंतिम तिथि 21 जुलाई तक निर्धारित की गई है।

भारतीय युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण के जगदीश नेता ने बताया कि मध्यप्रदेश में पूरे 1 महीने के दौरान सदस्यता अभियान में सदस्यता और मतदान With IYC App पर ऑनलाइन किया जा सकेगा। चुनाव प्राधिकरण के सदस्य ने बताया कि ब्लॉक कमेटी, विधानसभा कमेटी, जिला महासचिव, जिला अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए मतदान किया जाएगा। सदस्यता और मतदान में मध्यप्रदेश के 18 से 35 वर्ष तक के सभी पात्र युवक-युवतियां इस प्रक्रिया में भाग लें। भारतीय युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण द्वारा मध्यप्रदेश में प्रारंभ होने जा रहे युवा कांग्रेस चुनाव हेतु मतदान के दौरान दस्तावेज पहचान पत्र के रूप में वोटर आईडी कार्ड एवं ई मतदान पहचान पत्र के साथ स्वयं का आधार कार्ड दिखाने की वैद्यता रखी गई है। सदस्यता और मतदान का पूर्ण कार्य With IYC App के द्वारा ऑनलाइन प्रक्रिया से संचालित रखा गया है।

श्री बोगा ने बताया कि मध्यप्रदेश में सदस्यता और मतदान के उपरांत जाँच करने के पश्चात् चुनाव परिणाम की घोषणा की जाएगी। अंत में चुनाव प्राधिकरण के सदस्यों ने मध्यप्रदेश के युवक-युवतियों से अपील की है कि आप बढ़-चढ़ कर इस चुनावी प्रक्रिया में भाग लें। चुनाव प्राधिकरण द्वारा यहाँ यह भी स्पष्ट किया गया है कि जो चुनाव लड़ने वाले पात्र उम्मीदवार है उनके द्वारा चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता अथवा गड़बड़ी की जाएगी तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# 520 ग्राम मादक पदार्थ गांजा सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना भालूमाड़ा पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी एवं एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य के मार्गदर्शन में थाना भालूमाड़ा पुलिस टीम ने 22 जून को ग्राम पडौर में दबिश दी। इस दौरान आरोपी रामदयाल केवट पिता स्व. मंडल केवट उम्र 50 वर्ष निवासी लतार के कब्जे से 520 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, जिसकी बाजार कीमत लगभग 6 हजार है, बरामद किया गया। उक्त कार्यवाही में आरोपी के खिलाफ धारा 8/20(बी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर आगे की विवेचना की जा रही है।

# डॉ. शंकर सहर्ष को मिला प्रज्ञा प्रतिष्ठा सम्मान

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि डॉ. शंकर सहर्ष को भारतीय संस्कृति के उन्नयन एवं भाषाओं के संवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय रचनात्मक अवदान हेतु संस्था के प्रतिष्ठित अलंकरण प्रज्ञा प्रतिष्ठा सम्मान से अखिल भारतीय सर्वभाषा संस्कृति समन्वय समिति के 22 वें राष्ट्रीय अधिवेशन दमन साहित्य महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से आए साहित्यकारों की उपस्थिति में प्रदान किया गया।




यह सम्मान हिंदी उर्दू के लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकार और अंतर्राष्ट्रीय भाषा अकादमी के अध्यक्ष और महोत्सव के उद्घाटनकर्ता पंडित सागर त्रिपाठी मुंबई एवं संस्था के ग्लोबल अध्यक्ष विश्व विख्यात साहित्यकार प्रज्ञान पुरुष पंडित सुरेश नीरव दिल्ली ने स्वयं अपने कर कमलों से प्रदान किया।

डॉ शंकर सहर्ष द्वारा देश के 24 प्रांतों में अब तक 4000 से अधिक कवि सम्मेलन में काव्य पाठ किया जा चुका है । इनकी कविताएं दूरदर्शन, आकाशवाणी एवं विभिन्न टीवी चैनल पर आ चुकी है।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए